समय:3 घण्टे

वार्षिक परीक्षा

विषय-विज्ञान

पूर्णांक:80

कक्षा-8

नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर साफ व सुन्दर लेख में लिखिए।

प्र.1. सही शब्द के आगे (√) का निशान लगाइए। 5

क) यीस्ट का उपयोग निम्न के उत्पादन में होता है-
1. चीनी 2. एल्कोहल
3. हाइड्रोक्लोरिक अम्ल

ख) सूर्य का ग्रह नहीं है?
1. बुध 2. सीरियस
3. शनि

ग) आपतन कोण परावर्तन कोण के बराबर होता है-
1. सदैव 2. कभी-कभी
3. विशेष दशाओं में

घ) एक टैडपोल जिस प्रक्रम द्वारा वयस्क में विकसित होता है, वह है:
1. निषेचन 2. मुकुलन
3. कायांतरण

ड.) ध्वनि संचरित हो सकती है
1. केवल ठोसों में
2. केवल द्रवों में
3. ठोसों, द्रवों तथा गैसों में

प्र.2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। 5

क) आवृत्ति का मात्रक________है।
ख) वर्ण में रक्ताभ प्रतीत होने वाला ग्रह________है।
ग) हैजा________के द्वारा होता है।
घ) वाहनों के लिए सबसे कम प्रदूषक ईधन________है।
ड.) सर्पी घर्षण स्थैतिक घर्षण से________होता है।

प्र.3. सही जोड़े बनाइये। 5

	कालम-ए	कालम-बी
1.	आयरन	गेहूँ, चना मटर
2.	खरीफ फसल	हैजा का कारक
3.	रबी फसल	AIDS का कारक
4.	जीवाणु	मशीनें
5.	विषाणु	धान एवं मक्का

https://www.ukboardonline.com

प्र.4. सत्य, असत्य कोष्ठ में लिखिए। 5

1. सोडियम बहुत अभिक्रियाशील धातु है।
2. कोलतार विभिन्न पदार्थो का मिश्रण है।
3. मेढ़क में बाह्य निषेचन होता है।
4. अवांछित या अप्रिय ध्वनि को संगीत कहते हैं।
5. सजातीय आवेश एक दूसरे को आकर्षित करते ६.

प्र.5. कारण बताइये। 10

1. लोहे की कील पानी में क्यों डूब जाती है जबकि लोहे का जहाज तैरता है।
2. खिलाड़ी कीलदार जूते पहनते हैं ?
3. सर्दियों में स्वेटर उतारते समय चट-चट की ध्वनि सुनाई देती है।
4. रात में पेड़ के नीचे नहीं सोना चाहिए।
5. चढ़ाई चढ़ते समय हमारी सांस क्यों फूलने लगती है।

प्र.6. टिप्पणी लिखिए। 10

1. पौधा घर प्रभाव
2. तारामण्डल
3. तड़ित चालक
4. विद्युतदर्शी
5. विस्थापन अभिक्रिया

प्र.7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 30

1. उत्तोलक कितने प्रकार के होते हैं एक-एक उदाहरण द्वारा समझाइये।
2. पादप कोशिका व जन्तु कोशिका का रेखाचित्र बनाकर अंतर लिखिए।
3. मानव वाक्यंत्र का चित्र बनाकर उसके कार्य लिखिए।
4. कैलाइडोस्कोप की रचना का वर्णन कीजिए।
5. सिंचाई किसे कहते हैं ? जल संरक्षित करने वाली सिंचाई की दो विधियों का वर्णन करें। ?
6. अम्लीय वर्षा किसे कहते हैं ? तथा अम्लीय वर्षा की हानियां लिखिए।

प्र.8. मानव नेत्र का चित्र बनाकर उसके विभिन्न अंगों के कार्य लिखिए। तथा वर्णन कीजिए कि आप अपने नेत्रों की देभाभाल कैसे करेंगे। 10

https://www.ukboardonline.com